# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
## बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)

### –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

क्रमॉक/ 8680 /उत्कृष्ट अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2022-23 जशपुर दिनांक :- 02/08/2022

छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के परिपत्र क्रमॉक एफ 23-08/2020/20-तीन/नवा रायपुर दिनांक 30.06.2021 द्वारा शैक्षिक सत्र 2021-22 से संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए जारी सेटअप के आधार पर शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर संविदा आधार पर पदों को भरने के लिए कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति, जिला-जशपुर के विज्ञापन पत्र क्रमॉक/3472/उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2021-22/जशपुर दिनांक 19.10.2021 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया तथा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका क्रमांक W.P.(S).NO.6116of 2021 दिनांक 28.06.2022 को पारित निर्णय अनुसार एतद् द्वारा नये सिरे से **स्वामी आत्मानंद, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)** हेतु निम्नानुसार विज्ञापन प्रकाशित किया जाकर संविदा आधार पर शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर नियुक्ति हेतु योग्यताधारी उम्मीदवारों से विज्ञापन में निहित नियम/शर्तो के तहत् इच्छुक आवेदकों से **दिनांक 16.8.2022 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन जिले के बेवसाईट www.jashpur.nic.in में दिये गये गूगल डॉक लिंक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।** निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जाएंगे अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

### –:: विज्ञापित पदों का विवरण ::–

**स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा, जिला-जशपुर (छ0ग0)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 38100/- |
| | | संस्कृत | 1 | – | – | – | – | |
| | | गणित | 1 | – | – | – | – | |
| | | भौतिक | 1 | – | – | – | – | |
| | | रसायन | 1 | – | – | – | – | |
| | | जीवविज्ञान | 1 | – | – | – | – | |
| | | सामा.अध्ययन | 1 | – | – | – | – | |
| | | वाणिज्य | 1 | – | – | 1 | – | |
| 2 | प्रधान पाठक | पूर्व माध्यमिक | 1 | – | – | – | – | 38100/- |

Scanned with CamScanner

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 3 | प्रधान पाठक | प्राथमिक | 1 | – | – | – | – | 35400/- |
| 4 | शिक्षक | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 35400/- |
| | | सामा. विज्ञान | 1 | – | – | – | – | |
| | | विज्ञान | 1 | – | – | – | – | |
| | | गणित | 1 | – | – | – | – | |
| | | संस्कृत | 1 | – | – | – | – | |
| | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | |
| 5 | सहायक शिक्षक | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 25300/- |
| | | जीव विज्ञान | 1 | – | – | – | – | |
| | | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | |
| | | सामाजिक विज्ञान | 1 | – | – | – | – | |
| | | गणित | 1 | – | – | – | – | |
| 6 | कम्प्यूटर शिक्षक | | 1 | – | – | – | – | 35400/- |
| 7 | ग्रंथपाल | | 1 | – | – | – | – | 22400/- |
| 8 | प्रयोगशाला सहायक | | 2 | – | – | 1 | – | 25300/- |
| 9 | व्यायाम शिक्षक | | 1 | – | – | – | – | 35400/- |
| 10 | लेखापाल/सहायक ग्रेड– 02 | | 1 | – | – | – | – | 25300/- |
| 11 | सहायक ग्रेड 03 | | 1 | – | – | – | – | 19500/- |
| 12 | भृत्य | | 2 | – | – | 1 | 1 | 15600/- |
| 13 | चौकीदार | | 1 | – | – | – | – | 15600/- |

## 1) न्यूनतम शैक्षणिक/व्यावसायिक/तकनीकी अर्हता :–

### 1.1 व्याख्याता :–

a) अंग्रेजी माध्यम के पदों हेतु हिन्दी, संस्कृत को छोड़कर, शेष सभी पदों के लिए स्कूली षिक्षा अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण। हिन्दी माध्यम के पदों के लिए माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) की बाध्यता नहीं होगी।

b) **व्यावसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण :–

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 2 | संस्कृत | संस्कृत/क्लासिक्स/आचार्य |
| 3 | भौतिक | भौतिकी इलेक्ट्रॉनिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 4 | रसायन | रसायन/बायोकेमेस्ट्री |
| 5 | गणित | गणित/एप्लाईड गणित |
| 6 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी (जेनेटिक्स)/ सूक्ष्म जैविकी (माईक्रोबायोलॉजी)/जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी)/ आणविक जीव |



Scanned with CamScanner

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| | | विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी)/ पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 7 | सामाजिक अध्ययन | अर्थशास्त्र /एप्लाइड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 8 | वाणिज्य | एकाउन्टेसी सहित वाणिज्य/कास्ट एकाउटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |

**1.2 प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक) (अंग्रेजी माध्यम) :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा

b) **व्यावसायिक योग्यता** – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

d) **अनुभव** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था में पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रधान पाठक के पद पर 02 वर्षों के कार्य का अनुभव अनिवार्य। अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था में लगातार 03 पूर्ण वर्ष का षिक्षकीय कार्य का अनुभव।

**1.3 प्रधान पाठक (प्राथमिक) (अंग्रेजी माध्यम) :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** –बी.एड. अथवा डी.एड. अथवा डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त षिक्षा मण्डल **से अंग्रेजी माध्यम से** न्यूनतम 50% अंको के साथ बारहवीं (10+2) परीक्षा उतीर्ण होना अनिवार्य है।

e) **अनुभव** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था में प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद में 02 वर्षों के कार्य का अनुभव अनिवार्य। अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था में लगातार 03 पूर्ण वर्ष का षिक्षकीय कार्य का अनुभव।

**1.4 <u>शिक्षक</u> :-**

a) अंग्रेजी माध्यम के पदों हेतु हिन्दी, संस्कृत विषय को छोड़कर, शेष सभी पदों के लिए स्कूली षिक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी **अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण** एवं हिन्दी माध्यम के पदों के लिए माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) की बाध्यता नहीं होगी।

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण। टी.ई.टी उत्तीर्ण अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में ही शेष आवेदनों पर विचार किया जावेगा, तथा

c) **व्यावसायिक योग्यता** – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

d) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नानुसार आवेदित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण।

| स. क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 2 | हिन्दी | हिन्दी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 3 | संस्कृत | संस्कृत स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 4 | सामाजिक विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |
| 5 | विज्ञान | रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |
| 6 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से काई दो विषय – भौतिक/रसायन/इलेक्ट्रॉनिक्स |



Scanned with CamScanner

**1.5 सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से हिन्दी विषय को छोड़कर शेष विषयों के लिए **अंग्रेजी माध्यम से** हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण।

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण। टी.ई.टी उत्तीर्ण अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में ही शेष आवेदनों पर विचार किया जावेगा, तथा

c) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.एड. अथवा डी.एड. अथवा डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

d) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से न्यूनतम 50% अंको के साथ बारहवीं (10+2) परीक्षा **अंग्रेजी माध्यम से** निम्नानुसार विषय समूह के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य

| स.क्र. | विषय | विषय समूह / विशिष्ट विषय |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी विषिष्ट |
| 2 | अंग्रेजी | अंग्रेजी स्पेशल |
| 3 | जीव विज्ञान | जीव विज्ञान विषय समूह |
| 4 | गणित | गणित विषय समूह |
| 5 | सामा.विज्ञान | कला विषय समूह |

**1.6 कम्प्यूटर शिक्षक :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम** से हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

b) **शैक्षणिक योग्यता** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंको के साथ बी.सी.ए., बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस), बी.एस.सी. (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी), बी.ई./बी.टेक (कम्प्यूटर साईंस), बी.ई./बी.टेक (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी), बी.ई./बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकम्यूनिकेषन

**1.7 ग्रंथपाल :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम** से हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

b) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण।

c) **व्यावसायिक योग्यता** – बैचलर ऑफ लाईब्रेरी साइंस–(बी.लिब.)/मास्टर ऑफ लाईब्रेरी साइंस (एम. लिब.) की उपाधि अनिवार्य है।

**1.8 प्रयोगशाला सहायक :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

b) प्रयोगशाला सहायक के कुल 03 पद हैं जिनमें से (1) प्रयोगषाला सहायक–जीव विज्ञान, (2) प्रयोगषाला सहायक भौतिकी, तथा (3) प्रयोगशाला सहायक रसायन का है। प्रयोगशाला सहायक जीव विज्ञान के लिए जीव विज्ञान विषय समूह के साथ मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम से** न्यूनतम 50% अंको के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उतीर्ण।

c) प्रयोशाला सहायक भौतिकी एवं ररायन के दो पदों के लिए गणित समूह/जीव विज्ञान विषय समूह के साथ **अंग्रेजी माध्यम से** 50% अंको के साथ हायर सेकेण्डेरी परीक्षा उतीर्ण।



Scanned with CamScanner

**1.9 व्यायाम शिक्षक :-**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

c) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.पी.एड. अथवा एम.पी.एड. उत्तीर्ण अनिवार्य।

**1.10 लेखापाल/सहायक ग्रेड-02**

a) किसी मान्यता प्राप्त षिक्षा मण्डल से हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण

d) कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग का 5000 key डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना चाहिए। (इस संबंध में कौषल परीक्षा ली जावेगी।)

**1.11 सहायक ग्रेड-03**

a) किसी मान्यता प्राप्त षिक्षा मण्डल से हाई स्कूल उत्तीर्ण एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा न्यूनतम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र तथा,

e) कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग का 5000 key डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना चाहिए। (इस संबंध में कौषल परीक्षा ली जावेगी।)

**1.12 भृत्य**

a) **शैक्षणिक योग्यता** – कक्षा 8वीं की परीक्षा न्यूनतम बी ग्रेड अथवा न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण अनिवार्य।

**1.13 चौकीदार/अंशकालीन सफाईकर्मी**

a) **शैक्षणिक योग्यता** – कक्षा 8वीं की परीक्षा न्यूनतम बी ग्रेड अथवा न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण अनिवार्य।

## 2) संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-

i. **विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। पदों की संख्या घट, बढ़ अथवा विलोपित हो सकती है।**

ii. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है।

iii. सहायक षिक्षक, षिक्षक पद संवर्ग, प्रधान पाठक (प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक), ग्रंथपाल, कम्प्यूटर षिक्षक, व्यायाम षिक्षक एवं प्रयोगषाला सहायक पद हेतु केवल सरगुजा संभाग के आवेदकों को ही आवेदन करने की पात्रता होगी।

iv. व्याख्याता पद संवर्ग हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के आवेदक पात्र होंगे।

v. सहायक ग्रेड 02, सहायक ग्रेड 03 एवं चतुर्थ श्रेणी के पद (भृत्य/चौकीदार/अंषकालीन सफाईकर्मी) हेतु केवल जिला जषपुर के मूल निवासी आवेदकों को ही आवेदन करने की पात्रता होगी।

vi. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। **विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति का निर्णय ही अंतिम व सर्वमान्य होगा।** नियुक्त अभ्यर्थी पर छ.ग. संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्ते लागू होंगे।

vii. **अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिये पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।**



Scanned with CamScanner

viii. विज्ञापित पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 माह का वेतन या सेवा समाप्ति की पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

ix. संविदा षिक्षक/कर्मचारियों के विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल व गंभीर स्थिति/प्रकरण में तत्काल उसे सेवा से पृथक किया जा सकेगा।

x. नियोक्ता समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रदर्शन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति में मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

xi. अभ्यर्थी, किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवें, त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है, तथा नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नहीं होगा।

xii. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे, अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

xiii. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थाईकरण, नियमितिकरण, संविलियन, पेंशन या अन्य कोई सेवालाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।

xiv. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौषल परीक्षा/चयन हेतु अपात्र किया जा सकेगा

xv. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2022 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओं, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

xvi. इस विज्ञापन में पात्रता निर्धारण में शासन द्वारा निर्धारित समस्त् निर्देषों का पालन किया गया है, और आरक्षण नियमों का पूर्णतः पालन किया गया है।

## 3) चयन प्रक्रिया :-

i. **साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।**

ii. **आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के लिये पृथक–पृथक मानव संसाधन (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है, जिसपर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, कोविड–19 प्रोटोकॉल के पालन, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत ऑनलाईन आवेदन लिये जा रहे हैं। अतः जिले के समस्त विद्यालयों हेतु स्वीकृत कुल पदों का विषयवार योग करते हुये (प्रवर्गवार एवं विषयवार एकीकृत मेरिट सूची तैयार कर) अधिकतम 05 गुना तक, अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा। न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के भारांश एवं साक्षात्कार तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का योग कर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दर्शित प्राथमिकता क्रमानुसार विद्यालयों में पदस्थ किया जावेगा।**

iii. दस्तावेज सत्यापन हेतु एकीकृत कुल पद के विरूद्ध भारांष आधारित मेरिट क्रम में **अधिकतम 07 गुना तक,** अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों की जाँच/सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।



Scanned with CamScanner

iv. प्रतिक्षा सूची से अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति की स्थिति में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में पदस्थापना हेतु दिए गये प्राथमिकता क्रम को विचार में नहीं लिया जावेगा। प्रतिक्षा सूची से नियुक्ति, पूर्णतः पदों की रिक्तता के आधार पर होगी।

v. अंतिम एकीकृत मेरिट सूची षिक्षा सत्रांत 30.04.2023 तक वैद्य रहेगी।

vi. संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि विज्ञापन में उल्लेखित अनुसार वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विषेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा। तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

vii. उक्त विज्ञापित पदों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में आमंत्रित करने हेतु व्यवसायिक योग्यता के प्राप्तांक को भारांश में शामिल नहीं किया जावेगा।

**viii. मेरिट सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार शैक्षणिक योग्यता का वेटेज प्रतिशत की गणना की जायेगी :-**

| कक्षा | पद संवर्ग | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहायक शिक्षक पद संवर्ग | शिक्षक पद संवर्ग | व्याख्याता पद संवर्ग | ग्रंथपाल | सहायक ग्रेड 03 | सहायक ग्रेड 02 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 10वीं | 30% | 10% | 10% | 10% | 20% | 10% |
| 12वीं | 60% | 30% | 10% | 30% | 30% | 10% |
| स्नातक | - | 50% | 30% | 50% | - | 30% |
| स्नातकोत्तर | - | - | 40% | - | - | - |
| **योग** | **90%** | **90%** | **90%** | **90%** | **50%** | **50%** |

**ix. अंतिम चयन सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जायेगी :-**

| क्र | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता का कुल अंक भार | साक्षात्कार/प्रायोगिक/ कौशल परीक्षा का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समस्त विज्ञापित पदों हेतु (सहायक ग्रेड 02, 03 एवं चतुर्थ श्रेणी के पद को छोड़कर) | **90%** | **10 %** (शैक्षणिक कौशल, विषय ज्ञान, अंग्रेजी सम्प्रेषण व साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा हेतु) | **100%** |
| 2 | सहायक ग्रेड 02, सहायक ग्रेड 03 हेतु | **50%** | **50%** (कौषल परीक्षा हेतु) | **100%** |
| 3 | चतुर्थ श्रेणी के पद संवर्ग हेतु | वस्तुनिष्ट लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। | | |

## 4). ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश :-

i. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का Gmail आई.डी. होना अनिवार्य है। Gmail आई.डी. नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी Gmail आई.डी. बना लेवें।

ii. अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिये लैपटॉप/डेस्कटॉप में Google Chrome का उपयोग करें।

iii. ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने समस्त् शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें।

iv. ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट www.jashpur.nic पर जावें।

v. **जिले के वेबसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिये निम्नानुसार 05 लिंक उपलब्ध हैं :-**

a) व्याख्याता पद पर आवेदन हेतु लिंक
b) प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला)/शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक



Scanned with CamScanner

c) प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला)/सहायक शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक
d) ग्रंथपाल/व्यायाम शिक्षक/कम्प्युटर शिक्षक/प्रयोगशाला सहायक/सहा.ग्रेड–02/सहा.ग्रेड–03 पद पर आवेदन हेतु लिंक
e) भृत्य एवं चौकीदार पद पर आवेदन हेतु लिंक

vi. अभ्यर्थी वेबसाईट में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाईन भर सकते हैं।

vii. अंतिम तिथि तक प्राप्त समस्त आवेदनों का प्रकाशन कर दावा आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएगी, जिसमें त्रुटियाँ यदि कोई हो, का संशोधन किया जा सकेगा।

viii. चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला जषपुर के वेबसाईट www.jashpur.nic.in पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात् नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

## 5). अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा :-

1. चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिष्चय अंतिम होगा।
2. चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगती पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

पृ0क्र0/ 8681 /अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2021-22 जशपुर दिनांक :- 02/08/2022

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर, (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित
4. संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सहायक संचालक, जिला जन संपर्क जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
8. डी.आई.ओ. एन.आई.सी. जशपुर, जिला–जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**



Scanned with CamScanner